**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के द्वितीय सोमवार के लिए निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-15 <u>का उत्तर।</u>**

| <u>प्रश्न</u> | <u>उत्तर</u> |
|---|---|
| 15 (क) क्या सहकारिता मंत्री बतायेंगे कि जनपद-आजमगढ़ के उत्तरदायी अधिकारियों के संरक्षण में डी0ए0पी0 खाद की खुलेआम काला बजारी की जा रही है? | जी नहीं। |
| (ख) उक्त जनपद में साधन सहकारी समितियों को तथा प्राइवेट रूप से रजिस्टर्ड समितियों को दिनांक 01 अप्रैल, 2021 से 31 दिसम्बर, 2022 तक डी0ए0पी0 खाद कितनी-कितनी आवंटित की गयी है? | जनपद आजमगढ़ में दिनाँक 01 अप्रैल, 2021 से 31 दिसम्बर, 2022 तक कुल 23271.250 मै0टन डी0ए0पी0 के आवंटन में से 14790.750 मै0टन साधन/क्षेत्रीय/ किसान सेवा सहकारी समितियों को, तथा 8480.500 मै0टन डी0सी0एफ0/ पी0सी0 एफ0/केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी भण्डार/ यू0पी0 एग्रो/ औद्यानिक समितियों /गन्ना समितियों/ एग्रीजंक्शन/आई0एफ0एफ0 डी0सी0 को डी0ए0पी0 का आवंटन किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य किसी समिति को डी0ए0पी0 का आवंटन नहीं किया गया है। |
| (ग) क्या उत्तरदायी अधिकारियों के द्वारा धन वसूली करके निजी समितियों को बड़े पैमाने पर डी0ए0पी0 खाद का आवंटन किया जा रहा है? | जी नहीं। |
| (घ) क्या उक्त जॉच करा कर पूरी जॉच ऑख्या सदन की मेज पर रखेंगे ? | प्रश्न ही नहीं उठता। |

जे0पी0एस0 राठौर
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
सहकारिता विभाग।